INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Lesson -9 -'Bachpan'	**Topic: Questions , answers and word meanings.**	**Note: Pl. write in your note book**

पाठ - 9 - बचपन ।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न-1-लेखिका का मन अब सफेद पहनने को करता है, क्यों ?

उत्तर - लेखिका का मन उम्र अधिक होने के कारण अब सफेद पहनने को करता है।

प्रश्न - 2 - बचपन पाठ में शताब्दी का क्या अर्थ है ?

उत्तर- शताब्दी का अर्थ है - एक सौ साल का समय ।

प्रश्न - 3 - लेखिका चॉकलेट खरीदने कहाँ जाती थी?

उत्तर - लेखिका चॉकलेट खरीदने शिमला माल जाती थी।

प्रश्न - 4- तेज़ रफ़्तार वाली गाड़ी कौन - सी थी?

उत्तर - तेज़ रफ़्तार वाली गाड़ी शिमला - कालका ट्रेन थी।

प्रश्न- 5- बचपन में चश्मा लगाने पर लेखिका को चिढ़ाते हुए भाई ने क्या कहा था?

उत्तर-बचपन में चश्मा लगाने पर लेखिका को चिढ़ाते हुए भाई ने उसे लंगूर कहा ।

लघु उत्तरीय प्रश्न -

1. लेखिका का जन्म कब हुआ था ?उनकी उम्र कितनी थी ?

उत्तर:- लेखिका का जन्म पिछली शताब्दी में हुआ था | उनकी उम्र दादी और नानी जितनी थी |

2. बचपन में लेखिका को मोज़े क्यों धोने पड़ते थे ?

उत्तर:- बचपन में नौकर या नौकरानी से मोज़े धुलवाने की मनाही थी , इसलिए उन्हें खुद ही मोज़े धोने पड़ते थे |

3. लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थीं?

उत्तर:-लेखिका बचपन में इतवार(रविवार) की सुबह अपने मोज़े धोती थी।उसके बाद अपने जूते पॉलिश करके कपड़े से चमकाती थी।इतवार की सुबह इसी काम में लगाती थी।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -

4. लेखिका अपने बचपन में कौन-कौन सी चीज़े मज़ा लेकर खाती थी ?और उन्हें कौन से फल पसंद थे ?

उत्तर:- लेखिका अपने बचपन में रात को सोते समय चाकलेट मज़ा ले-लेकर खाती थीं | इसके इलावा उन्हें चेस्टनट , चना ज़ोर गरम और अनारदाने का चूर्ण भी पसंद था | फलों में शिमला के रसभरी, कसमल और काफ़ल उनके प्रिय फल थे।

5. उम्र बढ़ने के साथ-साथ लेखिका में क्या-क्या बदलाव हुए हैं?

उत्तर:- उम्र बढ़ने के साथ-साथ लेखिका के पहनावे में भी काफी बदलाव आए जैसे वे पहले गहरे रंग की फ्रॉक, निकर-वॉकर, स्कर्ट, लहँगे, गरारे आदि पसंद करती थीं जबकि अब हल्के रंग और चूड़ीदार तथा घेरदार कुर्ते पहनना पसंद करतीं हैं ।

6. 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है।' - यह कहकर लेखिका क्या-क्या बताती हैं?

उत्तर:- 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है।' - यह कहकर लेखिका बताती है कि उन दिनों मनोरंजन के लिए कुछ घरों में ग्रामोफ़ोन थे परंतु उसके स्थान पर आज हर घर में रेडियो और टेलीविजन देखने को मिलता है। कुलफ़ी की जगह आइसक्रीम ने ले ली है। कचौड़ी-समोसा पैटीज में बदल गया है। शहतूत और फ़ाल्से और खसखस के शरबत का स्थान कोक-पेप्सी ने ले लिया है।

शब्दार्थ

1- सयाना-बड़ा mature
2- महसूस करना - समझना , अनुभव करना understand, to feel
3- शताब्दी - सदी ,सौ वर्ष की अवधि century
4-दशक - दस वर्ष की अवधि - a decade
5- पोशाक - कपड़े cloths
6- फ्रिल - झालर frill
7- इतराते - इठलाते , झूमते to behave with pride
8- चलन - परम्परा - custom
9- हालाँकि -यद्यपि however
10- इलाज- उपचार remedy , treatment
11- कैस्टर ऑयल -अरंडी का तेल - Caster oil

12- मितली- मन खराब होना to feel nausea

13- सेहत - स्वास्थ्य health

14- दिलचस्पियाँ - रुचियाँ Interests

15- शहतूत - तूत का फ़ल mulberry

16- फालसा- a fruit its berry

17- लपेटना - घेरा देकर बाँधना enclose to wraps

18-छुटपन - बचपन -Childhood

19- अटपटा - अज़ीब-सा-weird

20-आश्वासन - भरोसा - promise

****